the settlement. (*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: You give notice. Shri Dave.

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे: माननीय सभापति जी, मैं जिस विस्तार से आ रहा हूं वहां कांधला पोर्ट में स्ट्राइक हुई और उसका सवाल भी यहां खड़ा हुआ, तो मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस स्ट्राइक के दौरान, जो हमारे विस्तार में पिछड़ा और बॉडर डिस्ट्रिक्ट है वहां एक ही मेजर पोर्ट है और बहुत गरीब लोग वहां पोर्ट पर काम कर रहे हैं, जो कि ट्रेड यूनियंज़ के मैंबर्स नहीं हैं, वहां से उनको मज़दूरी मिल रही है, तो जितने दिन यह पोर्ट बंद रही और सारे 10 मेजर पोर्टर्स में से सरकार को कितना नुकसान हुआ और कांधला पोर्ट में से सरकार को कितना नुकसान हुआ, यह माननीय मंत्री जी बताएं?

डा. देवेन्द्र प्रधान: महोदय, कांधला पोर्ट का जो टॉर्गेट था वह 3612 हजार मीट्रिक टन था और एचीवमेंट 2845 मिलियन मीट्रिक टन हुआ। The port management had already said that strike was illegal and they will look into the matter.

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे: सभापति महोदय, मैंने यह पूछा था कि स्ट्राइक पीरियड के दौरान सरकार को कितना नुकसान हुआ, क्योंकि उस दौरान काम-काज बंद रहा, तो सरकार को कितने रुपये का नुकसान हुआ?

डा. देवेन्द्र प्रधान: महोदय, मेरे पास जो रिपोर्ट है वह यह है कि कितने टन लॉस हुआ, तो टॉरगेट था 22,736 हजार टन, पर हुआ है 21,116 हजार टन, तो इस हिसाब से लॉस ज्यादा नहीं है। बाकी हम बाद में बता देंगे।

Linesman in Phoney Business

*262 DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item captioned Linesman in "phoney' business published in the Indian Express dated the 4th December, 1999, regarding cheap calls abroad with the help of MTNL linesman; and

(b) if so, what steps are being proposed to avoid such racket?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI TAPAN SIKDAR): (a) and (b) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Yes, Sir.

(b) The following steps have been taken to prevent recurrence:—

— Prabhadevi Exchange, where the incident took place was of old technology (analog type). It has already been replaced by digital exchange.

— Special surveillance is being maintained on such vulnerable exchanges.

— The digital exchanges employ highly sophisticated signaling protocols which can not be simulated easily and also there is no possibility for tapping individual junctions.

— New technology Trunk Automatic Exchanges (Tax) have been installed which check the calling line identification and knock down the Tax call if it is directly originated from the junction.

— As a preventive measure, night inspections of Telephone Exchanges are being conducted by Senior officers apart from officers of vigilance unit to check any possible misuse.

— Dedicated CBI cells have been created in the four metros to detect and check telecom related frauds.

— Strengthening of vigilance cells in the field units.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Sir, some strange things are happening in the Telecom Department. Recently, a CBI inquiry was ordered in one case. It was found that telephone lines at the Prabhadevi Exchange, which is the headquarters of MTNL at Mumbai, were being tapped. The CBI busted a racket. The CBI raided the house of a linemen and Rs.24 lakhs were seized from his possession. Some such things are going on. I would like to know whether it was a fact and how it happened?

SHRI TAPAN SIKDAR: Sir, it is a fact that Mr. C. Chandrashekhar, a phone mechanic in the Prabhadevi Exchange, Mumbai, has been arrested and Rs. 24.3 lakhs have been recovered from his residence alongwith his passport. A mobile telephone has also been recovered from his locker in the office.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Sir, as we listened to the answer, we find that this is a very serious affair. This has a very different dimension. Here,

the underworld, working from Dubai and Karachi, is also involved. The person who had been arrested was hand-in-glove with the underworld. and all kinds of calls, whether ISD or STD, were made. The telephone lines had bypassed the exchange point and pulse code modulation system of the mainline. Ten telephone connection had been provided to these people. The Trunk Automatic Exchange was also bypassed. So, such serious things have been taking place. It has a security dimension. Terrorists are working against the country. So many things are happening in various cities, including Mumbai. I would like to know what steps the Government is taking to prevent such things.

SHRI TAPAN SIKDAR: Yes, Sir, it is a matter of grave concern. Of course, these types of cases have been identified in other places also. So far as this case is concerned, three telephones, *i.e.* 4211668, 4211670 and 4212831 which were non-STD and non-ISD, were given ISD and STD facility through the Trunk Automatic Exchange by Mr. Chander Shekhar. Mr. Ram Shanker Yadav who is TTA has also been identified. Mr. Chander Shekhar is a phone mechanic. We have already taken some measures to control these things at the Prabha Devi Exchange. This was an old exchange, an analog type of exchange. This exchange has already been upgraded as a modern digital exchange. This type of tapping work cannot be done through these modern exchanges, especially digital exchanges. This is my assurance to the House. Moreover, new technology Trunk Automatic Exchanges (TAX) have been installed which check the calling line identification and knock down the TAX call if it is directly originated from the junction. With this latest technology which is world-class technology, this type of work cannot be done in future. We have created more and more CBI cells to look into these things. Already, on the 9th of this month one man has been identified in Calcutta also. From there, Rs. 1,17,54,568 have been recovered. National Savings Certificates and other saving certificates worth Rs. 19,05,295 and gold jewellery worth Rs. 4,64,477 have been recovered. Sixteen bank accounts in different nationalized banks have been freezed. Keys of lockers have yet to be recovered. Bank balance of Rs. 3 lakhs and some movable households and other assets have already been detected. The CBI is taking stern action against them. I would also like to inform the hon. Member of this House that during 1998-99, 154 Gazetted officers and 245 non-Gazetted officers have been punished on several corruption charges. Eleven Gazetted officers and 42 non-Gazetted officers are being prosecuted for criminal misconduct. Besides, 17 Gazetted officers and 75 non-Gazetted officers have been suspended. Similarly, in the year 1999-2000, that is, up to 31.1.2000, 130 Gazetted officers and 311 non- Gazetted officers have been punished.

Thirty Gazetted officers and 110 non-Gazetted officers are being prosecuted. Twenty Gazetted officers and 111 non-Gazetted officers have been suspended. We are taking stern action against all these people. But because of old technology and because of non-upgraded technology we could not take stern action. But at present we are getting more and more latest and world-class technology. I think we will be able to check these things gradually.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Sir, the hon. Minister has given certain figures about telecommunication frauds and the action taken by the Government. One of the major reason why these lapses are taking place is because of the obsolute technology, as it was in the Prabha Devi Exchange. I would like to know from the hon. Minister whether he can indicate what has been the improvement after CBI cells were entrusted with the job of identifying and detecting the telecommunication frauds in the four metropolitan cities. He has given some figures in respect of Calcutta. What about the other three metropolitan cities—Delhi, Mumbai and Chennai? If he does not have the figures, he can collect it and lay it on the Table of the House.

संचार मंत्री (श्री रामविलास पासवान): सर जैसा कि बतलाया गया है कि अक्तूबर, 1994 से सी.बी.आई. काम कर रही है और चार महानगरों में सी.बी.आई. के सैल हैं। एम.टी.एन.एल. दिल्ली में कुल मिलाकर 1994 से 1996 तक 28 मामले थे जिसमें 38 कार्मिक और कुछ अज्ञात व्यक्ति संलग्न थे। 1.1.1997 से 31.12.1997 तक 11 मामले थे, जिनमें 14 कार्मिक और कुछ प्राइवेट व्यक्ति संलग्न थे। 1.1.1998 से 31.12.1998 तक 17 मामले थे जिनमें 22 कार्मिक तथा कुछ अज्ञात व्यक्ति शामिल थे और 1.1.1999 से 31.9.1999 तक 8 मामले थे और कुल मिलाकर यह 63 मामले दिल्ली के थे। इसी तरह से एम.टी.एन.एल., मुंबई में कुल मिलाकर 40 मामले हैं और उनकी भी हमारे पास फिगर है। 14 मामले 1994 से 1996 के बीच, 12 मामले 1.1.1997 से 31.12.1997 के बीच, 10 मामले 1.1.1998 से 31.12.1998 के बीच और 4 मामले 1.1.1999 से 31.12.1999 के बीच के हैं कलकत्ता में कुल मिलाकर 42 मामले थे, जिनमें 43 कार्मिक व 28 प्राइवेट व्यक्ति संलग्न थे। 27 मामले 1994 से 1996 के बीच, 1997 में 4 मामले, 1998 में 3 मामले और 1999 में 8 मामले थे। चैन्नई में कुल मिलाकर 44 मामले थे जिनमें 43 कार्मिक और एक प्राइवेट व्यक्ति संलग्न थे और इसमें 18 मामले 1993 से 1996 के बीच, 9 मामले 1997 में, 10 मामले 1998 में और 7 मामले 1999 में थे। हमारे साथी ने आपको बतला दिया है कि कितने राजपत्रित अधिकारी और अन्य कर्मचारी उसमें पाए गए।

श्री अमर सिंह: सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तार से आंकड़े बताए हैं कि किस-किस स्थान से कितने-कितने मामले पकड़े गए हैं, लेकिन क्या ऐसी कोई पद्धति है जिससे कि

इस तरह के मामलों का स्थाई निराकरण हो सके। जैसा कि मूल प्रश्नकर्ता ने भी बताया कि मुम्बई में प्रभा देवी प्रकरण या मद्रास में इस तरह की घटनाओं से उग्रवादियों और आतंकवादियों से सम्पर्क स्थापित हो सकता है, तो इसका स्थाई निराकरण हो, उसके बारे में सरकार ने कोई प्रावधान किया है?

श्री रामविलास पासवान: सरकार ने इसके लिए प्रावधान बनाए हैं और 1995 से लेकर अभी तक बहुत सारी कमेटियां भी बनाई गई हैं और इस संबंध में हमने जो कदम उठाए हैं, उनमें से कुछ यह हैं कि संभावित तकनीकी फ्रॉड का पता लगाने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकियों के विशेषज्ञों की एक जांच समिति गठित की गई थी और उसकी जो रिपोर्ट है, सिफारिश है, उस पर कार्यान्वयन किया जा रहा है। सभी क्षेत्रीय इकाइयों में दूर-संचार विभाग, एम.टी.एन.एल., वी.एस.एन.एल. एस.टी.पी.आई. सॉफ्टवेयर टैक्नोलॉजी पार्क्स आफ इंडिया, इन सब सदस्यों को शामिल करके समन्वयन समिति बनाई गई है। इन टीमों से किसी दुरुपयोग का पता लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लीज व डाटा उपभोक्ताओं के परिसरों की नियमित जांच करना अपेक्षित होता है। संभावित फ्रॉड की केन्द्रीकृत मॉनिटरिंग के लिए फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंट्रोल सैंटर्स की योजना बनाई गई है और ये प्रणालियां पता लगाने के लिए ऑन लाइन विशलेषण करने में समर्थ होंगी। हमारी योजना है कि दिल्ली, मुम्बई और हैदराबाद में इनकी शाखाएं खोली जाएंगी। जिन परिसरों में काफी संख्या में टेलीफोन कनेक्शन वी सेट ऐंटीना सहित संस्थापित किए गए हैं, उन परिसरों पर विशेष निगरानी के लिए सभी क्षेत्रीय इकाइयों को विस्तृत निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एस.टी.डी. व आई.एस.डी. उपभोक्ताओं को डॉयनेमिक लॉकिंग सुविधा के उपयोग के बारे में समय-समय पर मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी दी जाती रही है। एस.टी.डी. व आई.एस.डी. के अनधिकृत उपयोग पर अलार्म सिस्टम लागू करने की हम योजना बना रहे हैं। उपभोक्ता जब भी चाहे बिलिंग की जानकारी उपलब्ध करा सकता है। 10 से ज्यादा लाइन मांगने पर उसका गहन अध्ययन किया जाता है और उस पर विशेष निगरानी रखी जाती है। अभी हमने होम मिनिस्ट्री को जिसमें अंडरवर्ल्ड या इसी तरह की अन्य ऐसी गतिविधियों की जानकारी रखी जाती है, उनको पत्र लिखा है। आप जानते हैं कि हम अपने कर्मचारियों के खिलाफ तो कार्रवाई कर सकते हैं...लेकिन जब वे पकड़े जाते हैं, सी.बी.आई. उन्हें पकड़ती है तो पता लगता है कि उनमें कुछ बाहर के लोग भी शामिल हैं, तो बाहर के लोगों के खिलाफ हम कार्यवाही नहीं कर सकते हैं। इसलिए उसके लिए दूसरी एजेंसी है-सी.बी.आई. है, होम मिनिस्ट्री है। होम-मिनिस्ट्री को भी हमने पत्र लिखा है और हम चाहते हैं कि कोआर्डिनेटेड तरीके से काम हो। आज जिस तरह से टेक्नोलोजी बढ़ती जा रही है, उस टेक्नोलोजी पर निरंतर निगरानी रखना जरूरी है। इसके लिए जो संबंधित मंत्रालय हैं, उनके तालमेल से हम और भी इफैक्टिव कदम उठाने की योजना बना रहे हैं।

श्रीमती सरला माहेश्वरी: सभापति महोदय, संचार का क्षेत्र एक संवेदनशील क्षेत्र है और अपार संभावनाओं के साथ गहरे खतरे भी इसमें छिपे हुए हैं। अभी हमारे सामने जो मिसाल रखी गई वह

तो एक छोटा सा नमूना है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगी कि आज क्या यह सच नहीं है कि पूरी दुनिया में संचार के ऐसे नैटवर्क विकसित हो चुके हैं जिनसे अंतर्राष्ट्रीय खुफियागिरी का पूरा ताना-बाना बुना जा चुका है? आज हमारी सरकार अपने तमाम कायदे-कानूनों, नीति-नियमों की अवहेलना करते हुए, हमारे देश के जो कानून बने हुए हैं, उन कानूनों को दरकिनार करते हुए, वी.एस.एन.एल. को दरकिनार करते हुए ऐसी विदेशी कंपनी को अनुमति दे रही है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय जगत में खुफियागिरी की पूरी योजनाएं सामने आ चुकी हैं। मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगी कि आप जब सांख्य वाहिनी जैसी परियोजना पर अमल करते हैं, वी.एस.एन.एल. को दरकिनार करते हैं, टेलीकॉम पालिसी को दरकिनार करते हैं, 1835 के कानून को दरकिनार करते हैं तो आप हमारे देश की सुरक्षा के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। और आप कह रहे हैं कि साहब, हम निगरानी कर रहे हैं। अमेरिका की एक संस्था को अनुमति देकर कितना बड़ा खतरा आपने देश के सामने ला खड़ा किया है, वह भी ऐसी संस्था जिसका अस्तित्व बाद में आया, हमारे मंत्री महोदय ने पहले साईन किया। मैं यह जानना चाहूंगी कि इसके बारे में आपके पास क्या रिपोर्ट है? इस तरह की राष्ट्र विरोधी परियोजना पर जब आप अमल कर रहे हैं बिना संसद को विश्वास में लिए हुए, बिना देश की जनता को आगाह किए हुए, यह देश की जनता के साथ भंयकर खिलवाड़ है। इस बारे में आप क्या कहना चाहेंगे।

SHRI TAPAN SIKDAR: Sir, as per the Telecom Policy, 1999, outside players will be allowed only by 2004. We have not yet allowed any private operator or any foreign player in this field. As of now, it is the total monopoly of the VSNL. A few incidents that have taken place are illegal operations and they have taken place through some foreign satellites at places like Ahmedabad, Delhi, Mumbai and Calcutta. This is what we had already discussed on the floor of Parliament. The hon. Member can be rest assured that so far as our Government is concerned, we will not do any such work which will harm the security of our country. (*Interruptions*)...

SHRIMATI SARLA MAHESHWARI: But you had given ...(*Interruptions*)... to the Sankhya Vahini. Is it true? (*Interruptions*) Sir, he is misleading the House. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Mr. Venkaiah Naidu.

SHRIMATI SARLA MAHESHWARI: Sir, he has not answered properly.

MR. CHAIRMAN: I have called Mr. Venkaiah Naidu. (*Interruptions*).

SHRIMATI SARLA MAHESHWARI: Sir, we have the right to know.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Mr. Chairman, Sir, there are two angles to this issue. One is the security angle where ISD calls are made, and the second is that, in a lot of rural areas, district headquarters, these telephone exchanges are not

electronic telephone exchanges; they are manually run at a number of places. It is common knowledge that many employees of the telephone department are hand-in-glove with the people who do a lot of work on telephones, and these employees try to collect money on monthly basis from them, disconnecting the metering system of the telephone department. This is happening. CBI inquiries in metropolitian cities is, of course, one aspect. But what about this pilferage that is going on? I wouldn't say it is pilferage; it is theft. At the district level and also at the municipal level, a large amount of such evasion is taking palce, with the active cooperation and connivance of the employees at the lower level.

Sir, the hon. Minister has just given a small example of a technician. If a technician is having 16 bank accounts, movable and immovable property and Rs. 25 lakh cash at his house, then we can understand the magnitude of the entire looting that is going on in the country. Has the Department already gone in for a vigilance system, or, is it thinking in terms of extending the vigilance system even to the manually-run exchanges located in the districts?

SHRI TAPAN SIKDAR: Sir, furthermore, I would like to mention something about *Sankhya Vahini*. For the kind information of the hon. member, I would like to inform that the architect of *Sankhya Vahini* is an Indian scientist, Dr. Raja Reddy. He happens to be .. ...(*Interruptions*)... That is the best world-class technology. We are very seriously discussing about that technology. If we get that technology for our telephones, then we will be benefited; our country will be benefited; the customers will be benefited. That is why we are seriously discussing about that technology. There is nothing else in it. You can be rest assured that we are very much conscious about the security and integrity of our country. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Ram Deo Bhandary.

SHRI TAPAN SIKDAR: Sir another... ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Don't make it a Short Duration Discussion. Mr. Minister, I don't know why do you fall a victim yourself. ...(*Interruptions*).

श्री एम. वेंकैया नायडु: सर, मेरे सवाल का जवाब नहीं आया।

श्री रामविलास पासवान: सर, वेंकैया नायडु जी ने जो प्रश्न किया है हम जानकारी देना चाहेंगे कि न सिर्फ महानगरों में बल्कि जो नीचे के स्तर पर भी हैं उस पर हम विजिलेंस को लगा रहे हैं। सी.बी.आई. तो जो बड़े-बड़े मामले हैं उनकी जांच करती है। लेकिन जो हमारा विजिलेंस है वह हमारी मिनिस्ट्री, डिपार्टमेंट के अंदर है और उसका हम सतत उपयोग करते रहे हैं। जहां तक

एक्सचेंजेज का मामला है, आप जानते हैं कि उसमें सतत प्रगति हो रही है। पहले 1883 में मैन्युअल एक्सचेंजेज थे, उसके बाद फिर 1924 में स्ट्राउजर बना, फिर 1971 में क्रौस बार बना, फिर 1985 में एनलॉग बना और अभी डिजिटल, जो लेटेस्ट है वह काम कर रहा है। अब हमारे देश में स्ट्रोजर और क्रौस बार एक्सचेंजेज खत्म हो गए हैं। अब एनलॉग के हैं जो 2600 हैं। पूरे देश में टोटल एक्सचेंजेज छब्बीस हजार हैं और उसमें से 2600 बचे हैं और इनको भी हम सन् 2001 में पूरे के पूरे को डिजीटल में कंवर्ट कर देंगे और टैक्स भी डिजिटल हो जाने के बाद यह सारी संभावनाएं 99 परसेंट तक खत्म हो जाती हैं। लेकिन उसके बाद भी विजिलेंट रहने की आवश्यकता है।

श्री राम देव भंडारी: श्रीमान्, टेलीफोन डिपार्टमेंट को समझना और उसको समझाना दोनों मुश्किल काम हैं। अब तक का तो यही रिकार्ड है। पहले भी सदन में मेरे सहित कई माननीय सदस्यों ने इस सवाल को उठाया था कि संसद सदस्यों के जो टेलीफोन दिल्ली में हैं वह अपने यहां से विदेशों में कॉल्स नहीं करते हैं उसके बाद भी हजारों रुपए और लाखों रुपए के बिल संसद सदस्यों को आते हैं। माननीय सदस्यों ने भी कई बार इस सवाल को यहां उठाया है। अब मंत्री जी सतर्कता की बात कर रहे हैं, सी.बी.आई. की बात कर रहे हैं। मैं स्वयं भुक्त-भोगी हूं। मैंने विदेशों में कोई कॉल नहीं की फिर भी लाखों रुपए से ज्यादा का विदेशी कॉल्स का बिल आया है। मैंने कई बार प्रयास किया कि इसकी अच्छी तरह से जांच हो जाए। मगर टेलीफोन विभाग को हम समझाने में सक्षम नहीं हैं। बार-बार उनका यही जवाब आता है कि नहीं-नहीं, आपके यहां से विदेशी कॉल्स की गई होंगी। अभी तक भी वह जांच पूरी नहीं हुई है। इस तरह से मैं समझता हूं कि इस सदन में कई माननीय सदस्य हैं जो इस बीमारी से पीड़ित हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि अगर माननीय सदस्यों की कुछ शिकायतें आती हैं तो क्या उनकी जांच सी.बी.आई. से कराएंगे और अगर जांच कराएंगे तो उसकी एक समय-सीमा करनी होगी, तीन महीने के अंदर या छः महीने के अंदर उसका संतोषजनक जवाब सदस्यों को मिल जाए, क्या ऐसी उम्मीद हम मंत्री जी से कर सकते हैं?

श्री राम विलास पासवान: सर, माननीय सदस्य ने दो-तीन बातें पूछी हैं। इसमें पहली बात यह है कि जो नार्मल शिकायतें हैं, उनके लिए हमने अपने अधीन डा. लाल सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष सेल बनाई है और माननीय संसद सदस्यों को इसके संबंध में चिट्ठी भी लिखी है। हमने स्पेशल टेलीफोन नम्बर भी दे दिया है और उसकी मानीटरिंग हम स्वयं कर रहे हैं।

दूसरा सवाल बिलिंग के बारे में है। अब बिलिंग के सवाल के बारे में हम इतना ही कह सकते हैं कि लॉकिंग सिस्टम है और वह फूल प्रूल लॉकिंग सिस्टम है। उसके अलावा भी यदि माननीय सदस्यों की शिकायतें हैं और हमारी भी यही शिकायतें रहती थीं जब हम अपोजीशन में थे कि गलत बिलिंग होती है। हमारे हाथ में इतना है कि हम उसकी जांच करवायें, सीबीआई से तो नहीं, उसका सीबीआई क्या करेगी, सीबीआई में तो पुलिस के आदमी रहते हैं, इसकी जांच तो कोई टेक्नीकल आदमी ही करेगा। इसलिए जो हमारे पास विजीलेंस है, जो आधुनिक टेक्नालॉजी है उसके आधार पर हम जांच

करवाते हैं। इनमें कुछ एक मामलों में शिकायतें सही पाई जाती हैं लेकिन अधिकांश जगह पर ऐसा नहीं है और इसके बारे में एज ए मंत्री, हमारे पास इतना अधिकार नहीं है कि हम किसी को छूट दे दें या किसी को माफ करने का काम करें। लेकिन जो फ्यूचर के लिए हमने कहा है कि आप यदि चाहे तो एक सरटेन टेलीफोन नम्बर जो दिया गया है उस पर बिलिंग के बारे में पता लगा सकते हैं। उस नम्बर को डॉयल करने पर आपको अपने बिल का पता लग जाएगा। इसके अलावा हमने एक यह भी सिस्टम निकाला है कि यदि आप कहें कि हमको एक हजार, दो हजार या पांच हजार कॉल हो बाहर करनी हैं तो उसके बाद ऑटोमेटिक ही आपकी लाइन कट जाएगी, डिस-कनेक्ट हो जाएगी। ये सब कुछ मेजर्स हैं जिनको हमने अपनाने का काम किया है। अब यदि माननीय सदस्य कहते है तो फिर हम दुबारा इसकी जांच करवा लेंगे, लेकिन हम उसकी जांच ही करवा सकते हैं।

Expansion of Repair Facilities in Cochin Shipyard

*263. SHRI A. VIJAYA RAGHAVAN: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether any proposal is pending before the Government for the expansion of repair facilities in Cochin Shipyard;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by Government to increase the facilities in Cochin Shipyard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (DR. DEBENDRA PRADHAN): (a) and (b) Yes, Sir. Cochin Shipyard Limited (CSL) have submitted a proposal to set up 5 Nos. additional berths for repairs of vessels by positioning a SHIPLIFT SYSTEM, at an estimated cost of Rs. 95.00 Crores. The project is proposed to be funded by CSL through its financial resources and commercial borrowings.

(c) For upgradation/modernization and augmentation of production facilities in Cochin Shipyard Limited, an outlay of Rs. 90.00 crores has been ear-marked for the IX Plan period.

SHRI A. VIJAYA RAGHAVAN: Sir, the Cochin Shipyard was started two decades ago, after a prolonged struggle by the people of Kerala. We had a *bandh* also in Kerala. The first *bandh* was on this issue. Now, unfortunately, the Central Government is not supporting the expansion of the Cochin Shipyard. In the reply given to us, it is said that the expansion needs Rs. 95 crores. The outlay for the entire Five-Year-Plan is only Rs. 90 crores. As far as the financial position of the Cochin Shipyard is concerned, it is not sufficient to start the

2—156/RS/ND/2000